भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 530
उत्तर देने की तारीख 06.02.2023

भारतीय सांस्कृतिक कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक आदान-प्रदान कार्यक्रम

530. श्री मारगनी भरत :
श्री मद्दीला गुरूमूर्ति :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय सांस्कृतिक कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिए कोई वैश्विक आदान-प्रदान कार्यक्रम लागू किए है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार ने युवाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्कूल और विश्वविद्यालय स्तर पर ऐसे आदान-प्रदान कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए कोई कदम उठाए हैं;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ड़) विगत पांच वर्षों के दौरान उक्त कार्यकलापों, यदि कोई हो, के लिए कुल कितनी धनराशि संस्वीकृत और खर्च की गई है?

उत्तर

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ) : संस्कृति मंत्रालय राजनयिक चैनलों के माध्यम से सांस्कृतिक करारों और सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों पर हस्ताक्षर करने और परस्पर विचार-विमर्श सहित संबंधित एजेंसियों द्वारा उनके कार्यान्वयन के द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय सांस्कृतिक कार्यकलापों को बढ़ावा देता है। संस्कृति मंत्रालय वैश्विक भागीदारी स्कीम के माध्यम से विदेशों में भारतीय सांस्कृतिक कार्यकलापों को भी बढ़ावा देता है जिनके अंतर्गत भारत महोत्सवों का आयोजन किया जाता है जिनमें लोक कला और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। इस स्कीम के अंतर्गत लोक कला और अन्य

सांस्कृतिक कार्यकलापों सहित कार्यक्रमों एवं कार्यकलापों के आयोजन हेतु भारत-विदेश मैत्री सांस्कृतिक सोसाइटियों को विदेशों में बढ़ावा देने के लिए सहायता अनुदान भी प्रदान किया जाता है।

विदेश मंत्रालय के अधीन संगठन, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद भी विदेश में अपने सांस्कृतिक केन्द्रों और विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्यकलापों के माध्यम से पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देता है जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ आगंतुक कार्यक्रम के तहत हिन्दी विषय के अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों का दौरा; विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में भारतीय अध्ययन पीठ की स्थापना करना सम्मिलित है।

(ङ.): विगत पांच वर्षों के दौरान विदेशों में भारत महोत्सव और भारत-विदेश मैत्री सोसाइटियों हेतु सहायता अनुदान पर कुल 85.69 करोड़ (लगभग) रुपये की राशि संस्वीकृत और खर्च की गई।

****